


हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी


अनमोल वचन

कड़ी मेहनत आपको वहां पहुंचा देती है जहां अच्छी किस्मत शायद आपको पहुंचा दे ।


रविवार 15 फरवरी 2026 बर्ष 02 अंक 140 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


## राजगीर पहुंचे नीतीश कुमार, मलमास मेला की करें बेहतर तैयारी, नहीं करें कोताही

### सीएम मेला को लेकर लिया जायजा, गंगाजी जलापूर्त्ति योजना का भी लिया जायजा

*केशववाणी ।अनुमंडल संवाददाता, राजगीर, राजीव लोचन की रिपोर्ट।*

राजगीर (नालंदा)। राजगीर (नालंदा) – मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को राजगीर पहुंचकर चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। सीएम मा.`तनाजे के गंगाजी राजगृह जलाशय का निरीक्षण करते हुए राजकीय मलमास मेला–2026 की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिया। जलाशय परिसर का भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि गंगाजी जलापूर्त्ति बेहतर तरीके से हो रहा है। जलाशय के चारों ओर लोहे की जाली लगाई गई है। सीएम ने अधिकारियों को कहा कि गंगाजी का पानी लगातार मिले। इसमें रूकावट नहीं हो। सीएम ने रोपवे के पास बने मल्टीपर्पस गृद्धकूट भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने गृद्धकूट भवन से होते हुए नये रोप–वे का जायजा लिया और वहां पर्यटकों को मिल रही सुविधाओं को भी जाना। कहा कि पर्यटकों को परेशानी न हो इसका पूरा ख्याल रखें।कन्वेंशन सेंटर में उन्होंने अधिकारियों से मलमास मेला के बारे में जानकारी ली। डीएम को कहा कि






मेला की बेहतर तैयारी करें। श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। श्रद्धालुओं के रहने, खाने, पीने, साफ–सफाई सहित अन्य का बेहतर इंतजाम करें। सभी घाटों, सरस्वती नदी, वैतरणी नदी, की साफ–सफाई करायें। इस मौके पर ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, सांसद कौशलेन्द्र कुमार, विधायक कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया, विधायक कौशल किशोर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी, जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ. गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह, पटना प्रमंडल के आयुक्त अनिमेष पराशर, पटना प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक जितेंद्र राणा, मगध प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक क्षत्रनील सिंह, डीएम कुंदन कुमार, नवादा के डीएम रवि प्रकाश, एसपी भारत सोनी, नवादा के एसपी अभिनव धीमान सहित अन्य मौजूद थे।



## सिलाव पहुंचे मुख्यमंत्री के पुत्र निशांत कुमार, राजगीर के लिए हुए रवाना, मुख्यमंत्री के दौरे के बाद बढ़ी राजनीतिक हलचल

**केशववाणी । (नालंदा)।** नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार शनिवार को नालंदा जिले के सिलाव पहुंचे। उनके आगमन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई। स्थानीय लोगों और समर्थकों के बीच उनके दौरे को लेकर विभिन्न कयास लगाए जाते रहे। सिलाव में निशांत कुमार कुछ समय तक रुके। इस दौरान उन्होंने सीमित दायरे में लोगों से मुलाकात की। हालांकि उनके कार्यक्रम को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई। गौरतलब है कि इससे पहले स्वयं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी राजगीर पहुंचे थे। राजगीर में निर्धारित कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद वे हेलीकॉप्टर के माध्यम से पटना के लिए रवाना हो गए। मुख्यमंत्री के दौरे के तुरंत बाद उनके पुत्र का राजगीर की ओर प्रस्थान करना राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बना हुआ है।हालांकि निशांत कुमार ने मीडिया से दूरी बनाए रखी और किसी भी प्रकार की राजनीतिक टिप्पणी करने से परहेज किया। उनके दौरे को लेकर आधिकारिक तौर पर कोई बयान जारी नहीं किया गया है। स्थानीय स्तर पर लोग इसे सामान्य पारिवारिक या निजी यात्रा मान रहे हैं, वहीं राजनीतिक विश्लेषक इसे संभावित भविष्य की सक्रियता के संकेत के रूप में भी देख रहे हैं।

## बाजार में सबकुछ बिकता है, लेकिन ज्ञान नहीं बिकता – मंत्री श्रवण कुमार, बिहार में वर्ग 1 से 8 तक 30 लाख बच्चे निजी स्कूलों में पढ़ रहे हैं





**केशववाणी । रानी सिन्हा की रिपोर्ट नूरसराय (नालंदा)।** ग्रामीण विकास एवं परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने शनिवार को नूरसराय में आयोजित आदित्य क्लासेज के 'उदभव ' कार्यक्रम में कहा कि दुनिया में लगभग हर चीज बाजार में बिक सकती है, लेकिन ज्ञान कभी बाजार में नहीं बिकता। उन्होंने कहा कि समाज में उसी व्यक्ति का सम्मान होता है जो ज्ञानवान होता है। आज के प्रतिस्पर्धा के दौर में वही आगे बढ़ेगा जो अधिक से अधिक ज्ञान अर्जित करेगा।

मंत्री ने कहा कि जब वर्ष 2005 में नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में सरकार बनी, तब शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में व्यापक कदम उठाए गए। करीब 23 हजार नए सरकारी विद्यालय खोले गए। वर्तमान में राज्य में वर्ग एक से आठ तक लगभग एक करोड़ 77 लाख बच्चे सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे हैं, जबकि लगभग 30 लाख बच्चे निजी विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र में भी अब संसाधन और आधारभूत संरचना में वृद्धि हुई है।मंत्री श्रवण कुमार ने चिंता जताते हुए कहा कि नई पीढ़ी तेजी से पश्चिमी संस्कृति की ओर आकर्षित हो रही है। उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे मोबाइल का सीमित और सही उपयोग करें। डिजिटल युग में आगे बढ़ने के लिए तकनीक जरूरी है, लेकिन उसका दुरुपयोग भविष्य के लिए हानिकारक हो सकता है। पढ़ाई पर अधिक ध्यान देना ही सफलता की कुंजी है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी दीपक कुमार ने कहा कि शिक्षा जीवन के विभिन्न पहलुओं को समझने और सही निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करती है। यह एक गुणवत्तापूर्ण जीवन की आधारशिला है।

मिशन हरियाली के संस्थापक राजीव रंजन भारती ने कहा कि बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर या अधिकारी बनें या न बनें, लेकिन अच्छे नागरिक और अच्छे इंसान अवश्य बनें।

नूरसराय के युवा मुखिया रामकृष्ण कुमार ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि जिस क्षेत्र में आपकी रुचि हो, उसी में दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मबल के साथ आगे बढ़ें, सफलता निश्चित रूप से मिलेगी।इस अवसर पर सेवानिवृत्त एयर फोर्स अधिकारी डॉ. जेपी शर्मा, राजेंद्र प्रसाद, जितेंद्र सिंह, ज्योति सिंह, आदित्य राज, अविनाश कुमार मौर्य, डॉ. धनंजय कुमार देव, अरुण कुमार वर्मा, उपेंद्र सिंह, सुषमा कुमारी, नीतीश कुमार, मुकेश कुमार, शैलेन्द्र कुमार, भावना कुमारी, संगीता कुमारी, नेहा कुमारी, स्वेता सिंह, पल्लवी कुमारी मनोज कुमार, गुड्डू कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। उदभव कार्यक्रम के तहत आयोजित साइंस एग्जीबिशन में स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक मॉडल प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी में स्मार्ट सिटी, डांडी यात्रा, डेवलप विलेज, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ, चंद्रयान–3, भारत–पाकिस्तान एलओसी, स्मार्ट विलेज सहित विभिन्न विषयों पर आकर्षक मॉडल लगाए गए। मंत्री श्रवण कुमार ने बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडलों का अवलोकन किया और संबंधित छात्रों से उनके प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी ली। उन्हा.`ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए जिलास्तरीय साइंस एग्जीबिशन में भाग लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। विशेष रूप से देशभक्ति गीतों और प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों की खूब सराहना बटोरी। एक छात्रा द्वारा प्रस्तुत श्री गणेश वंदना ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



## जिलास्तरीय साइंस एक्जीविशन में जरूर ले भाग – मंत्री श्रवण कुमार

**केशववाणी । रानी सिन्हा की रिपोर्ट नूरसराय (नालंदा)।** उदभव कार्यक्रम में साइंस एक्जीविशन के तहत स्कूली बच्चों के द्वारा एक से बढ़कर एक स्मार्ट सिटी,डांडी यात्रा,डेभलप विलेज,बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ,चंद्रयान – 3, इंडिया पाकिस्तान का एलओसी,स्मार्ट विलेज सहित अन्य मॉडल प्रदर्शनी लगाया गया। मंत्री श्रवण कुमार के अलावे अतिथियों व आमजनों ने बच्चों के द्वारा बनाये गये मॉडल प्रदर्शनी को देखा। वहीं मंत्री श्रवण कुमार ने मॉडल देख संबधित छात्रों से पूछ ताछ भी किया साथ ही संबंधित मॉडल के बारे में जानकारी लिया। वहीं मंत्री श्रवण कुमार ने बच्चों को जिला स्तरीय साइंस एक्जीविशन में भाग लेने की बात कहा। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दिया।खासकर देशभक्ति का जज्बा प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों से खूब बाहवाही लुटा।स्कूली छात्रा ने श्री गणेश बन्दना पर सुंदर प्रस्तुति देखर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।




# महोत्सव के तीसरे दिन मंदिर परिसर में निकाली गयी शोभायात्रा
# जैन धर्म का शास्वत मंत्र है नवकार - समीर भाई मेहता

**केशववाणी** । अनुमंडल संवाददाता, राजगीर राजीव लोचन की रिपोर्ट

राजगीर (नालंदा)। जैन श्वेताम्बर कोठी नौलखा मंदिर में 20वें तीर्थंकर भगवान श्री मुनिसुब्रत स्वामी जी का केवलज्ञान कल्याणक तीन दिवसीय महोत्सव के तीसरे दिन शनिवार को नौलखा मंदिर में शोभायात्रा निकाली गयी। सैंकड़ों श्रद्धालु ढोल नगाड़े पर झूमते नाचते रहे।

शोभायात्रा के बाद मंदिर में स्नात्र महोत्सव का आयोजन हुआ। इसमें कई राज्यों के श्रद्धालु शामिल हुए। प्रभु की विशेष अंगरचना भी मु. निदादा कल्याणक मंडल मुंबई के सदस्यों के द्वारा की गई। मुनि दादा कल्याणक मंडल मुंबई के समीर भाई मेहता ने कहा कि जैन धर्म का शास्वत मंत्र नवकार है। जिसकी आराधना करने से मनुष्य को काफी लाभ होता है। अपने जीवन का कल्याण कर सकता है।

जिमी भाई मेहता ने कहा कि भगवान महावीर के संदेश जियो और जिने दो का यदि पालन किया जाय तो पूरे विश्व में शांति कायम हो सकती है। अभी पूरा विश्व युद्ध की विभिषका से जुझ रहा है। संस्था के अध्यक्ष शशिकांत नवलखा ने कहा कि भगवान मुनिसुब्रत स्वामी के साथ जैन धर्म के कई तीर्थंकरों के चरण यहां पड़े हैं तथा उन्होंने इस नगरी में काफी विचरण भी किया है। यहां का कण–कण पवित्र है।

संस्था के सचिव रंजन कुमार जैन ने कहा कि नौलखा मंदिर का अपना एक अलग महत्व है। इस मंदिर की विशेषता यह है कि इसके निर्माण में लौह पदार्थ का इस्तेमाल नहीं किया गया है। राजस्थान के कुशल कारीगरों के द्वारा छः वर्षों में इसका निर्माण किया गया है। सहायक प्रबंधक ज्ञानेन्द्र पांडेय ने कहा कि कल्याणक पूजा का आयोजन हर साल किया जाता है। भगवान की आराधना कर काफी सकून मिलता है। संस्था के कैशियर संजीव कुमार जैन ने कहा कि नौलखा मंदिर का निर्माण राजस्थान के कुशल कारीगरों के द्वारा किया गया है।





इस मौके पर वीरायतन की साध्वी यशा जी महाराज, साधना जी महाराज, संस्था के ट्रस्टी रणवीर कुमार जैन, ज्ञानेन्द्र पांडेय, संजीव कुमार जैन, भरत भाई मेहता, प्रमोद दुगड़, प्रतिक जैन, अंकित चौरड़िया, परेश संघवी, कोमल मेहता, दीपेश मेहता, नीलेश भाई, राजु भाई, पारस शाह, भाविन भाई, ललित शाह, निपुन मेहता, रमेश चन्द्र भूरा, सुशील कुमार जैन, सुखराज जैन, डौली जैन, मानसी जैन, मधु बेन, गीता बेन, प्रिया बेन सहित अन्य मौजूद थे।



# महाशिवरात्रि पर ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय की भव्य शोभायात्रा, आकर्षक झांकियां बनीं केंद्र

**केशववाणी राकेश पासवान की रिपोर्ट.।**

हरनौत (नालंदा) – विश्व में शांति, प्रेम और भ. ईचारे का संदेश प्रसारित करने के उद्देश्य से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में हरनौत बाजार में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गई, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं।शोभायात्रा केंद्र से प्रारंभ होकर गोनावां रोड, रांची रोड, चंडी मोड़, गोगीपर, बीच बाजार, डाक बंगला रोड, प्रखंड मुख्यालय, वीर कुंवर सिंह चौक, स्टेशन रोड और नियामतपुर रेलवे गुमटी होते हुए पुनः गोनावां रोड के रास्ते केंद्र पर पहुंची। यात्रा के दौरान नगर पंचायत क्षेत्र की सड़कों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।इस अवसर पर बीके अनुपम, बीके पूनम, भाई लालमुनि एवं भाई प्रमोद ने शिव परमात्मा का आध्यात्मिक संदेश दिया। उन्होंने महाशिवरात्रि के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व आत्मिक जागृति और सकारात्मक परिवर्तन का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि परमपिता परमात्मा शिव अधर्म के नाश और सत्य धर्म की स्थापना के लिए अवतरित होते हैं तथा मानवता को सत्य, शांति और सदाचार का मार्ग दिखाते हैं।शोभायात्रा के उपरांत केंद्र पर झंडोत्तोलन एवं भोग अर्पण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विशेष झांकी प्रस्तुत की गई, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।कार्यक्रम में बीके मीरा, बीके सुनीता, उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सुरेश सिंह, भाई शत्रुघ्न, भाई गोपाल, भाई विक्कू, भाई कृष्णा, भाई दिनेश, भाई तानिया राज, आराध्य समेत कई अन्य श्रद्धालु मौजूद थे।पूरे आयोजन के दौरान वातावरण भक्तिमय बना रहा और "ओम शांति" के उद्घोष से क्षेत्र गूंजता रहा।

# शहीद जवानों की शहादत को कभी भुला नहीं जा सकता- छात्र जदयू



**केशववाणी अमर वर्मा की रिपोट।**

बिहारशरीफ (नालंदा) छात्र जदयू नालन्दा के द्वारा बिहार शरीफ के कारगिल पार्क के शहीद स्मारक में पुलवामा दिवस के सातवीं बरसी के अवसर पर दीप जलाकर कर एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।शहीदों को नमन किया गया।इस अवसर पर जदयू प्रवक्ता डॉ धनंजय कुमार देव छात्र अध्यक्ष सन्नी पटेल ने कहा के शहीदों की शहादत को कभी भुला नहीं जा सकता। आज जवान मुस्तादी के साथ देश की सरहदों की रक्षा करते हैं तब पूरा देश चौन की नींद सोता है।पुलवामा आतंकी हमले को सात साल हो गए हैं. यह भारत के इतिहास का एक दुखद अध्याय था जब देश ने आतंकी हमले में 40 बहादुर जवानों को खो दिया पूरा देश उन वीर जवानों को श्रद्धांजलि दे रहा है।जबानों की निष्ठा,दृढ़ संकल्प और राष्ट्र के प्रति सेवा हमारी सामूहिक चेतना में सदा अमिट रहेंगे।चेतना में सदा अमिट रहेंगे. हर भारतीय को उनके अटूट साहस से शक्ति मिलती है 'पुलवामा आतंकी हमले में शहीद होने वाले हमारे वीर जवानों के शौर्य का स्मरण कर उन्हें नमन करता हूं. आतंकवाद मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन है और भारत इसके समूल नाश के लिए दृढ़ संकल्पित है।आतंकवाद का सामना करने वाले हमारे सुरक्षा बलों व सुरक्षा एजेंसियों के साहस, समर्पण और बलिदान का देश सदैव ऋणी रहेगा. ।हमारे अमर जवानों का बलिदान भारतीय शौर्य और पराक्रम के उस अजेय संकल्प का उद्घोष है, जो हमें आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने के लिए सदैव प्रेरित करता रहेगा. राष्ट्र आपके सर्वोच्च बलिदान के लिए सदैव ऋणी रहेगा।इस अवसर पर छात्र जदयू के नगर अध्यक्ष संजीत यादव,जिला महासचिव बिट्टू कुशवाहा डा सौरभ प्रकाश छात्र प्रवक्ता विकास वर्मा,कोषाध्यक्ष पवन शर्मा, पुरुषोत्तम पांडेय, संजीव महतो शुभम कुमार, अभय कुमार, सत्यम कुमार, जयकांत कुमार,अमरकांत कुमार, सीनू भारद्वाज,दीपक कुमार, मौर्य सिंह कुशवाहा विकास कुमार,अजीत कुमार,अंकित राज,गुलशन कुमार प्रो ध्रुव प्रसाद अंकित कुमार रोहित महतो, पवन कुमार,दिलखुश कुमार,आर्यन कुमार सत्यम कुमार पुरुषोत्तम पांडेय रोहित कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सरस्वती विद्या मंदिर में मातृ-पितृ पूजनोत्सव मनाया गया
# बच्चों को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार देना जरूरी

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर।राजीव लोचन की रिपोर्ट।।**

राजगीर (नालंदा) – पूज्य तपस्वी श्री जगजीवन जी महाराज सरस्वती विद्या मंदिर हसनपुर में शनिवार को मातृ–पितृ पूजनोत्सव मनाया गया। इसका उद्घाटन नव नालंदा हा. ईस्कूल की शिक्षिका निष्ठा नंदिनी, शिक्षिका दिप्ती कौशिक एवं विद्यालय के उप–प्रधानाचार्य रामजी प्रसाद सिन्हा ने संयुक्त रूप से किया। सभी भैया–बहनों ने अपने माता–पिता के पैर धोकर, तिलक लगाकर पुष्पार्चन व आरती किया। छात्रों ने भारतीय संस्कृति पर गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि निष्ठा नंदिनी ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ–साथ संस्कार, नैतिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक ज्ञान देना चाहिए। दिप्ती कौशिक ने कहा कि माता–पिता की पूजा करें। उप–प्रधानाचार्य रामजी प्रसाद सिन्हा ने प. रवारों की पुरानी परम्पराओं को स्मरण कराते हुए बताया आज घरों में भी बच्चों को उचित संस्कार एवं वातावरण नहीं मिल रहा है। घर में भी आध्यात्मिक वातावरण नहीं है। मुठिया निकालना, अतिथि सेवा, दादी–नानी की कहानी, पूजा–पाठ आदि संस्कारों से बच्चे दूर हैं। घर का वातावरण भी इन संस्कारों के अनुरूप नहीं है। मां आज अपना कैरियर बनाने के चक्कर में बच्चों को आया की देख–रेख में छोड़ आती है। मां की आंचल की छांव में जिस तरह से बच्चों का विकास होना चाहिए नहीं हो रहा है।



विद्या भारती के विद्यालयों में 10 वर्षों से मातृ–पितृ पूजनोत्सव के माध्यम से बच्चो में माता–पिता के प्रति श्रद्धा सम्मान आदि की भावना का विकास करने का पूरा प्रयास हो रहा है। इस मौके पर आनंद कल्याणी, मीना प्रसाद, अक्षय कुमार वर्मा, मणिकांत कुणाल, रीना पांडेय, रीतिका कुमारी, सन्नी कुमारी, सोनी कुमारी, मीडिया प्रभारी राजीव अभय, गोपाल जी राय सहित अन्य मौजूद थे।



# मैट्रिक परीक्षा 2026 को स्वच्छ व पारदर्शी ढंग से कराने हेतु अधिकारियों की आवश्यक दिशा-निर्देश



**केशववाणी** । शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहार शरीफ (नालंदा)। मैट्रिक परीक्षा 2026 के स्वच्छ, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन को लेकर शनिवार को नगर भवन, बिहारशरीफ में ब्रीफिंग बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर समाहर्ता नालंदा श्री राजीव रंजन कुमार सिन्हा ने की। इसमें संबंधित केंद्राधीक्षकों एवं दंडाधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।बैठक में बताया गया कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक (सैद्धांतिक) परीक्षा 17 फरवरी से 25 फरवरी 2026 तक दो पालियों में संपन्न कराई जाएगी।

**36 परीक्षा केंद्र, 45,324 परीक्षार्थी**

जिले में कुल 36 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें बिहारशरीफ में 18, राजगीर में 9 तथा हिलसा में 9 केंद्र शामिल हैं। छात्राओं के लिए 15 एवं छात्रों के लिए 21 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं।

**इस वर्ष 22,666 छात्र एवं 22,658 छात्राएं, कुल 45,324 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।**

अपर समाहर्ता ने सभी केंद्राधीक्षकों को परीक्षा संचालन के लिए जारी निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों के लिए किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। केंद्राधीक्षक को छोड़कर किसी भी अन्य प्रतिनियुक्त कर्मी/पदाधिकारी को मोबाइल फोन साथ ले जाने की अनुमति नहीं होगी।गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी परीक्षार्थियों को जूता–मोजा पहनकर परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। परीक्षार्थी चप्पल पहनकर ही परीक्षा भवन में प्रवेश करेंगे।प्रथम पाली (सुबह 9:30 बजे) के लिए प्रवेश सुबह 9:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली (दोपहर 2रू00 बजे) के लिए प्रवेश 1:30 बजे तक ही दिया जाएगा। विलंब से आने वाले परीक्षार्थियों को प्रवेश की अनुमति नहीं मिलेगी। परीक्षा को कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने हेतु 77 स्टैटिक दंडाधिकारी, 17 गश्ती दल दंडाधिकारी, 8 उड़नदस्ता (जोनल दंडाधिकारी) तथा 6 सुपर जोनल दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए हैं।

जोनल एवं सुपर जोनल दंडाधिकारी भ्रमण के दौरान परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण पंजी में टिप्पणी दर्ज करेंगे और प्रतिदिन जिला पदाधिकारी को प्रतिवेदन देंगे।जिलास्तरीय नियंत्रण कक्ष टोल फ्री नंबर 18003456323 पर कार्यरत रहेगा।

**सीसीटीवी, रेंडमाइजेशन और सुरक्षा व्यवस्था**

सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और सतत वीडियोग्राफी कराई जाएगी। वीक्षकों की प्रतिनियुक्ति रेंडमाइजेशन के आधार पर होगी। केंद्राधीक्षक अपने स्तर से सभी कर्मियों को पहचान पत्र निर्गत करेंगे।महिला परीक्षार्थियों की जांच के लिए महिला दंडाधिकारी एवं महिला पुलिस बल की तैनाती की गई है। प्रत्येक केंद्र पर पर्याप्त संख्या में महिला एवं पुरुष पुलिस बल मौजूद रहेंगे। सभी परीक्षा कक्षों में रोशनी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

**500 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा**

प्रत्येक परीक्षा केंद्र के 500 मीटर की परिधि में भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू रहेगी। शौचालयों की विशेष जांच कर नकल सामग्री की संभावना समाप्त करने के निर्देश दिए गए हैं।परीक्षा केंद्रों के आसपास स्थित फोटोस्टेट एवं स्टेशनरी दुकानों की जांच तथा कोचिंग संस्थानों की गतिविधियों पर पैनी नजर रखने का निर्देश भी दिया गया। बिहारशरीफ शहर में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ रखने हेतु यातायात पुलिस उपाधीक्षक को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।बैठक में सभी अनुमंडल पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी (जिला गोपनीय शाखा), जिला शिक्षा पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक सहित संबंधित केंद्राधीक्षक एवं दंडाधिकारी उपस्थित थे।अपर समाहर्ता ने स्पष्ट किया कि परीक्षा के संचालन में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी प्रावधानों का शत–प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।



# राजगीर में विश्वस्तरीय महाशिवरात्रि ध्यान उत्सव आज, जुटेंगे हजारों श्रद्धालु - आध्यात्मिक ऊर्जा का वैश्विक केन्द्र बनेगा राजगीर

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर।राजीव लोचन की रिपोर्ट।** राजगीर (नालंदा) – प्राचीन इतिहास व आध्यत्म को अपने में समेटे हुए राजगृह एक बार फिर वैश्विक आध्यात्मिक मानचित्र पर विशेष पहचान बनाने जा रहा है। 15 फरवरी को स्टेट गेस्ट हाउस में विश्वस्तरीय महाशिवरात्रि ध्यान उत्सव का भव्य आयोजन हो रहा है। इसमें हजारों शिवभक्त, ध्यान साधक और आध्यात्मिक जिज्ञासु भाग लेंगे। इसके लिए गांव–गांव में प्रचार–प्रसार भी किया गया है। अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त रहस्यवादी दार्शनिक एवं आध्यात्मिक मार्गदर्शक ओशमिन उर्फ राकेश चंद्रा के ने नेतृत्व में यह कार्यक्रम होना है। संयोजकों ने बताया कि यह केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि चेतना जागरण और आंतरिक ऊर्जा को ऊपर उठाने का अवसर है। इसमें शिवसूत्र एवं विज्ञान भैरव तंत्र पर आधारित ध्यान सत्र, भक्ति और ध्यान संगीत प्रस्तुतियां, शिव तांडव, नृत्य प्रस्तुति, पूरी रात चलने वाला ध्यान, साधना क्रम एवं भव्य महाआरती होंगे।कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए देश–विदेश के कलाकार मंच पर अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इनमें प्रमुख रूप से अंतरराष्ट्रीय तबला वादक गिरीश विश्वा, सूफी गायक कपिल पुरोहित तथा अंतरराष्ट्रीय गिटार वादक गुड्डू मिश्रा सहित अनेक कलाकार भाग लेंगे। अंतरराष्ट्रीय संयोजक विश्वजीत तिवारी के नेतृत्व में सोनू कुमार, निरमा कुमारी, शोभा देवी, प्रदीप कुमार, सुनील यादव, शत्रुघ्न कुमार, किरण कुमारी, रविंद्र कुमार, निर्भय कुमार, खूश्बू कुमारी, नेहा कुमारी सहित सैंकड़ों लोग इसमें लगे हुए हैं। ओशमिन फाउंडेशन के ओशमिन उर्फ राकेश चंद्रा ने बताया कि महाशिवरात्रि केवल पर्व नहीं, बल्कि चेतना जागरण का दिव्य क्षण है। देश–विदेश के लोगों से कहा कि वे अधिक से अधिक की संख्या में राजगीर आएं।

# जो जमीन सरकारी है, वो जमीन हमारी - सत्यदेव राम

## रहुई के शिवनंदन नगर पहुंची जांच टीम, 'जल-जीवन-हरियाली' के नाम पर घर तोड़े जाने का आरोप



**केशववाणी रानी सिंह की रिपोर्ट**। रहुई (नालंदा)। अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा की राज्य स्तरीय जांच टीम ने रहुई प्रखंड के शिवनंदन नगर पहुंचकर नवंबर 2025 में दलित–महादलित परिवारों के घर तोड़े जाने के मामले की पड़ताल की।सभा के जिला सचिव रामधारी दास ने बयान जारी कर बताया कि 'जल–जीवन–हरियाली' योजना के नाम पर दर्जनों घरों को जमींदोज कर दिया गया था। इसके अलावा लगभग 120 घरों पर जिला प्रशासन द्वारा नोटिस चिपकाए जाने की भी बात सामने आई है।जांच टीम में सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सत्यदेव राम, प्रदेश सचिव शत्रुघ्न सहनी, खेगामस के राज्य अध्यक्ष मनोज मंजिल, जिला सचिव रामधारी दास, भाकपा–माले के जिला स्थायी समिति सदस्य महेंद्र प्रसाद, इनोस के जिला अध्यक्ष वीरेश कुमार, विनोद रजक (भाकपा–माले बिहारशरीफ), बाढ़न पासवान (जिला कमेटी सदस्य), तथा शिव शंकर प्रसाद (प्रभारी, भाकपा–माले रहुई) सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।शिवनंदन नगर में स्थानीय लोगों से बातचीत के दौरान सत्यदेव राम ने कहा, "जो जमीन सरकारी है, वो जमीन हमारी।" उन्होंने राज्य की 'डबल इंजन सरकार' पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि सरकार गरीब–विरोधी नीतियां अपना रही है और आम लोगों में असुरक्षा का माहौल है।उन्होंने कहा कि "सरकार जब बहरी और गूंगी हो जाती है, तब सड़कों पर बड़े–बड़े मुद्दों का समाधान होता है।" साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की 'बुलडोजर नीति' के खिलाफ उनकी पार्टी एवं उससे जुड़े संगठन गरीब, मजलूम, दलित, आदिवासी और भूमिहीनों को संगठित कर बड़े आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं।जांच टीम ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और प्रशासन से निष्पक्ष जांच तथा उचित पुनर्वास की मांग की। सभा नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि प्रभावित परिवारों को न्याय नहीं मिला तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा।






# सरथा गांव में अखंड कीर्तन को लेकर २५१ महिला श्रद्धालुओं के द्वारा निकाली गई कलश शोभायात्रा, गाजे-बाजे और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच गूंजा हर-हर महादेव

**केशववाणी राकेश पासवान की रिपोट।** हरनौत (नालंदा)। हरनौत प्रखंड क्षेत्र के सरथा गांव स्थित महादेव स्थान मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर 24 घंटे के अखंड कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन से एक दिन पूर्व शनिवार की दोपहर करीब 1रू30 बजे गाजे–बाजे के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।



कलश शोभायात्रा की शुरुआत सरथा गांव के महादेव स्थान मंदिर से हुई। श्रद्धालु सुरक्षित वाहन से बख्तियारपुर स्थित गंगा जी सीढ़ी घाट पहुंचे, जहां वैदिक विधि–विधान के साथ कलश में गंगाजल भरा गया। इसके बाद शोभायात्रा हरनौत बाजार के रांची रोड स्थित सरदार पटेल एकता चौक न्यू बा. ईपास पहुंची। वहां से तीन घोड़े, बैंड–बाजा और डीजे की धुन पर श्रद्धालु सिर पर कलश लेकर पूरे क्षेत्र का भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचे।

इस अवसर पर हरनौत नगर पंचायत के उप मुख्य पार्षद सुरेश सिंह ने बताया कि अखंड कीर्तन के आयोजन से क्षेत्र में ध. ार्मिक वातावरण का संचार होता है और आपसी भाईचारा मजबूत होता है।

वहीं पंडित प्रमोद पाण्डेय एवं आदित्य नारायण ने बताया कि कलश शोभायात्रा का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि इससे वातावरण शुद्ध होता है, नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है तथा अनुष्ठान की सफलता सुनिश्चित होती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार कलश में 33 कोटि देवी–देवताओं का वास माना जाता है, जो समृद्धि, पवित्रता और दिव्य शक्ति का प्रतीक है।पंडितों ने जानकारी दी कि रविवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच अखंड कीर्तन का विधिवत शुभारंभ होगा। कीर्तन समापन के बाद कन्या पूजन किया जाएगा तथा मंगलवार को भव्य भंडारा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। कलश शोभायात्रा के दौरान पंचायत समिति सदस्य राणा शैलेश सिंह, मुकेश कुमार, धीरज कुमार, अस्मिता कुमारी, बिट्टू, पप्पू, आशुतोष, पूर्व मुखिया अनिरुद्ध, राकेश, पांचाली समेत सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान "हर–हर महादेव" के जयघोष से क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा रहा।



# बेगमपुर के देवज्योति रामेश्वरम मंदिर में महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन, प्रसाद के लिए तैयार किया गया पांच क्विंटल लड्डू

**केशववाणी रानी सिंह की रिपोर्ट।** नूरसराय (नालंदा) महाशिवरात्रि पर्व को लेकर प्रखंड क्षेत्र के बेगमपुर स्थित देवज्योति रामेश्वरम मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। मंदिर एवं उसके परिसर को विशेष रोशनी और सजावट से सुसज्जित किया गया है। रविवार को यहां भव्य महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। पर्व को लेकर बेग. मपुर सहित आसपास के गांवों में उत्साह और उल्लास का माहौल है।आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. अभिजीत कुमार गौतम ने बताया कि महोत्सव की शुरुआत सुबह 11 बजे मंदिर प्रांगण में भगवान शंकर के अभिषेक के साथ होगी। दोपहर तीन बजे वैवाहिक विधान के तहत श्रद्धालु महिलाओं द्वारा भगवान शंकर का उबटन किया जाएगा।इसके बाद शाम साढ़े चार बजे धूमधाम से भगवान शिव की बारात निकाली जाएगी। यह शिव बारात बेगमपुर–नालंदा मार्ग से होते हुए नालंदा खंडहर तथा बड़गांव स्थित सूर्य मंदिर तक जाएगी और पुनः मंदिर परिसर लौटेगी।रात्रि आठ बजे मंदिर प्रांगण में माता पार्वती और भगवान शिव का पारंपरिक विधि–विधान से विवाह संपन्न कराया जाएगा।मंदिर की संरक्षिका सुशीला सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण के लिए पांच क्विंटल लड्डू तैयार किया गया है। महोत्सव के समापन के बाद श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया है।महाशिवरात्रि महा. `त्सव को लेकर क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है और आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति के सदस्य सक्रिय रूप से तैयारियों में जुटे हुए हैं।

# वैरा के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित मानसिक रूप से बीमार एवं दिव्यांगजनों के अधिकारों पर दी गई जानकारी

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट,। इस्लामपुर (नालंदा)।** इस्लामपुर प्रखंड के खुदागंज थाना अंतर्गत वैरा स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, नालंदा विधिक सेवा प्राधिकार तथा अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति, हिलसा के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।शिविर का संचालन नालंदा प्रा. धिकार के जिला जज गुरविंदर सिंह मल्होत्रा, सचिव राजेश कुमार गौरव, अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति हिलसा के अध्यक्ष सह एडीजे आलोक कुमार पाण्डेय, सचिव सह एसडीजेएम शोभना श्वेतांकी, पैनल अधिवक्ता विजय कुमार एवं हिलसा अनुमंडल कार्यालय स्थित लीगल सर्विसेज क्लीनिक में प्रतिनियुक्त पीएलवी आलोक कुमार के मार्गदर्शन में किया गया।कार्यक्रम का मुख्य विषय "नालसा मानसिक रूप से बीमार एवं मानसिक रूप से दिव्यांग/अक्षम व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवा योजना 2015" रहा।परिचय सत्र में पीएलवी आलोक कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन 1987 में हुआ तथा 9 नवंबर 1995 से यह विधिवत रूप से पूरे देश में कार्यरत है। इसका उद्देश्य समाज के गरीब, वंचित, असहाय, आर्थिक रूप से कमजोर, दिव्यांग, महिला, पुरुष, बच्चे, अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग सहित जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराना है। साथ ही समय–समय पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन कर सुलहनीय मामलों का निष्पादन किया जाता है।पैनल अधिवक्ता विजय कुमार ने बताया कि मानसिक रूप से बीमार एवं अक्षम व्यक्तियों को सरकारी अस्पतालों में सुरक्षा, चिकित्सा सुविधा एवं न्यायालयों में कानूनी सहायता पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध है।



संविधान के अनुच्छेद 14, 21 एवं 39(ए) के तहत उन्हें समानता, जीवन एवं निःशुल्क विधिक सहायता का अधिकार प्राप्त है।उन्होंने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध हैं, जहां स्क्रीनिंग, परामर्श, काउंसलिंग एवं प्राथमिक उपचार की सु. विधा दी जाती है। सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों के तहत ओपीडी, आईपीडी, दवा एवं योग समर्थन जैसी सेवाएं भी प्रदान की जाती हैं। मानसिक बीमारी से ग्रसित व्यक्तियों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किया जाता है, जिससे वे विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।राष्ट्रीय लोक अदालत व मध्यस्थता अभियान अंत में पीएलवी आलोक कुमार ने जानकारी दी कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च 2026 को बिहार शरीफ एवं हिलसा कोर्ट परिसर में किया जाएगा, जिसमें सुलहनीय मामलों का निष्पादन किया जाएगा। साथ ही सर्वोच्च न्यायालय के दिशा–निर्देश एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत "नालसा मेडिएशन दृ 2, मेडिएशन फॉर द नेशन" अभियान 1 फरवरी से 31 मार्च 2026 तक चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत अधिक से अधिक मामलों का आपसी सुलह–समझौते के आधार पर निपटारा किया जा रहा है।

इस अवसर पर डॉ. कल्पना सिन्हा (आयुष), राकेश सिंह (सीएचओ), संतोष कुमार (सीएचओ), चंदन राजा (सीएचओ), हिमांशु कुमार (सीएचओ), विमला कुमारी (एएनएम), संगम सरिता (एएनएम), पूनम कुमारी (आशा), संजू कुमारी (आशा), सुषमा प्रभा (आशा), गीता कुमारी (आशा), संगीता कुमारी, अनुभा रानी, स्मिता कुमारी, रिंकु कुमारी, सीताराम महतो, नारायण यादव, आशीष कुमार, पशुपति रविदास सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# जनवितरण प्रणाली विक्रेता रामबाबू पासवान के निधन पर शोक सभा दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि, जनसेवा को किया गया याद



**केशववाणी राकेश पासवान की रिपोर्ट,।** हरनौत (नालंदा)। हरनौत प्रखंड के कोलावां पंचायत अंतर्गत बरूणतर गांव के जनवितरण प्रणाली (पीडीएस) विक्रेता रामबाबू पासवान के आकस्मिक निधन पर शनिवार को शोक सभा का आयोजन किया गया।शोक सभा का आयोजन प्रखंड मुख्यालय स्थित एफसीआई (राज्य खाद्य निगम) गोदाम परिसर के समीप किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के प्रखंड अध्यक्ष सह वरिष्ठ डीलर ब्रह्मानंद ब्रह्मचारी ने की।सभा में प्रखंड क्षेत्र के जनवितरण प्रणाली विक्रेता एवं अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। वक्ताओं ने स्व. रामबाबू पासवान के व्यक्तित्व एवं उनके जनसेवा के कार्यों को याद करते हुए उन्हें एक मिलनसार, कर्तव्यनिष्ठ एवं ईमानदार व्यक्ति बताया। उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।इस अवसर पर पीडीएस विक्रेता राजेश कुमार (चेरो) के पिता स्वर्गीय विजय साव के आकस्मिक निधन पर भी गहरा शोक व्यक्त किया गया।शोक सभा में जनवितरण प्रणाली विक्रेता गजानंद मालवीय, सुनील कुमार उर्फ बबलू, संजीव कुमार, संजय कुमार, राकेश, राजेश कुमार, अखिलेश कुमार, मुकेश सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे। सभा का समापन श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया।

# विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 'मातृ–पितृ पूजन दिवस', बच्चों ने भावुक होकर लिया माता–पिता का आशीर्वाद



**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट,।** बिहारशरीफ (नालंदा)। सरस्वती शिशु मंदिर, गोरक्षिणी में शनिवार को 'मातृ–पितृ पूजन दिवस' हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नई पीढ़ी में भारतीय संस्कारों का बीजारोपण करना तथा अभिभावकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना को सुदृढ़ करना था।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुई। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती ऋचा कुमारी ने उपस्थित अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा कि माता–पिता ईश्वर का साक्षात रूप हैं। कार्यक्रम प्रमुख अवंती प्रिया के निर्देशन में विद्यार्थियों ने विधिवत अपने माता–पिता का पूजन किया। बच्चों ने अपने माता–पिता के चरणों में पुष्प अर्पित किए, तिलक लगाया तथा आरती उतारी। इस दौरान कई अभिभावक अपने बच्चों के प्रेम, आदर और श्रद्धा को देखकर भावुक हो उठे। विद्यालय परिसर भावनात्मक और भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया।अवंती प्रिया ने कहा, "मातृ–पितृ पूजन दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि एक संस्कार है। हमारा प्रयास है कि छात्र शिक्षा के साथ–साथ नैतिक मूल्यों में भी अग्रणी रहें। माता–पिता का सम्मान ही जीवन की सच्ची सफलता की पहली सीढ़ी है।"

